आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 05.10.2024 समय: 2.10 PM

समाचार

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के वाशिम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त जारी की । इसमें देशभर के नौ करोड़ चालीस लाख से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिये बीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

वहीं श्री मोदी कृषि अवसंरचना कोष के तहत एक हजार नौ सौ बीस करोड रूपये से अधिक की साढ़े सात हजार परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री पशुओं के लिए एकीकृत जीनोमिक चिप का भी शुभारंभ करेंगे।

सिंग्रामपुर कैबिनेट बैठक

रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर आज प्रदेश सरकार ने दमोह जिले के सिंग्रामपुर में कैबिनेट बैठक का आयोजन किया है। बैठक

में हिस्सा लेने के लिये मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव संग्रामपुर पहुंच चुके हैं। यहां उन्होंने वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । इस अवसर पर उन्होंने मीडिया से बात करते हुए वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य को याद किया।

बैठक में रानी दुर्गावती श्रीअन्न योजना को लागू किया जाएगा, जिसके तहत राज्य सरकार कोदो और कुटकी उगाने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि देगी। योजना का उद्देश्य किसानों को अधिक लाभ पहुंचाना और पारंपरिक कृषि को प्रोत्साहित करना है।

सिंग्रामपुर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की परियोजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी। यहां संग्रहालय, ऑडिटोरियम, लाइट एंड साउंड शो, और पुरातात्विक धरोहरों के जीर्णोद्धार की योजनाएं भी प्रस्तावित हैं। बैठक के बाद मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल सिंगौरगढ़ किले का दौरा करेंगे।

गौरव दिवस

नवगठित मैहर जिले की वर्षगांठ को आज गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। गौरव दिवस पर जिले में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

उपार्जन

राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए पंजीयन की अवधि बढ़ाकर अब 14 अक्टूबर तक कर दी गई है। पहले यह अवधि 4 अक्टूबर तक थी, जिसे किसानों की सुविधा के लिए और बढ़ाया गया है।

पीएम जन–मन योजना

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा "प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान" पीएम जन–मन योजना में कंपनी कार्यक्षेत्र में विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह की बहुलता वाले 9 जिलों में अब तक 3 हजार 876 घरों को रोशन किया गया है। कंपनी ने 2 अक्टूबर को 9 जिलों में 355 नये घरों को कनेक्शन देकर विद्युतीकृत किया है। इन 9 जिलों में ग्वालियर, विदिशा, अशोकनगर, श्योपुर, दतिया, गुना, शिवपुरी, रायसेन एवं भिण्ड शामिल हैं। कंपनी द्वारा पीएम जन–मन योजना में अब शेष 10 हजार 942 जनजातीय हितग्राहियों के घरों को दिसंबर 2024 तक विद्युतीकृत किया जाएगा।

समाचार संक्षेप में...

- 1. कटनी जिले मे पीएम किसान उत्सव । इस मौके पर जिले के 970 गांव के 15878 किसानों को 31 करोड़ 57 लाख रुपये से अधिक की राशि वितरित की।

- नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कल आगरमालवा में कहा कि पीताम्बरा सिद्ध पीठ माँबगलामुखी मंदिर में विकास कार्य कराया जाएगा।
- शिवपुरी जिले में रबी फसलों की बोवनी का कार्य किसानों द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। इसी बीच कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को उर्वरक प्रबंधन के बारे में सलाह दी जा रही है।
- स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत आगरमालवा जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

नमस्कार